पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–17] रुड़की, शनिवार, दिनांक 23 जुलाई, 2016 ई0 (श्रावण 01, 1938 शक सम्वत्) [संख्या–30

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान-नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	391–396	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	563–597	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	21–24	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	203	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

पशुपालन अनुभाग–03 (मत्स्य)

कार्यालय ज्ञाप

30 जून, 2016 ई0

संख्या 235/XV–3/2016–01(08)/2015–मत्स्य विभाग में सहायक निदेशक, वेतनमान ₹ 15,600–39,100, ग्रेड पे ₹ 5,400, के 02 रिक्त पदों के सापेक्ष चयन हेतु उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा गठित चयन समिति की दिनांक 23 मई, 2016 को सम्पन्न बैठक में समिति द्वारा की गयी संस्तुतियों के आधार पर निम्नलिखित ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षकों को सहायक निदेशक, मत्स्य, वेतनमान ₹ 15,600–39,100, ग्रेड पे ₹ 5,400, में पदोन्नति किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

1. श्री अनिल कुमार, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक,
2. श्री जी0 एस0 बिष्ट, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक।

2. नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत उक्त अधिकारियों को सहायक निदेशक के पद पर दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा जाता है।

3. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

4. उक्त कार्मिकों के तैनाती आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे।

आज्ञा से,

डा0 रणबीर सिंह,

अपर मुख्य सचिव।

कार्मिक अनुभाग–1

प्रोन्नति/विज्ञप्ति

08 जुलाई, 2016 ई0

संख्या 1201/XXX–1–16–25(4)/2008–उत्तराखण्ड सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के उच्चतर वेतनमान ₹15,600–39,100, ग्रेड पे ₹ 8,900, में कार्यरत श्री विजय चन्द्र कौशल को उत्तराखण्ड सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के उच्चतम वेतनमान ₹ 37,400–67,000+ग्रेड पे ₹ 10,000, में दिनांक 27.12.2015 से प्रोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

आज्ञा से,

राधा रतूड़ी,

प्रमुख सचिव।

गृह अनुभाग–3

अधिसूचना

05 जुलाई, 2016 ई0

संख्या 1401/XX–3–2016–05(17)2013–श्री राज्यपाल महोदय, साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके इस सम्बन्ध में श्री राजीव कुमार, षष्ठम्, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देहरादून से सम्बन्धित अधिसूचना संख्या 608/XX–3–2015–05(17)2013, दिनांक 08 मई, 2015 को विखण्डित करते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 3 के अधीन मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल की संस्तुति पर उक्त अधिनियम से सम्बन्धित प्रकरणों में सतर्कता अवस्थापना द्वारा पंजीकृत चालानों के विचारण हेतु श्री ब्रिजेन्द्र सिंह, चतुर्थ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देहरादून को उनके पद के अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

आज्ञा से,

विनोद शर्मा,
सचिव।

सिंचाई अनुभाग–1

विज्ञप्ति/प्रोन्नति

30 जून, 2016 ई0

संख्या 1054/II–2016–01 (29) (18)–2011/2013–सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत डिप्लोमाधारी कनिष्ठ अभियन्ता/अपर सहायक अभियन्ता (सिविल) से सहायक अभियन्ता (सिविल) के पदों पर चयन वर्ष 2015–16 की रिक्तियों के सापेक्ष नियमित चयन द्वारा प्रोन्नति के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के पत्र संख्या 101/08/ई–1/डी0पी0सी0/2016–17, दिनांक 18.06.2016 द्वारा की गयी संस्तुति के क्रम में निम्नलिखित डिप्लोमाधारी कनिष्ठ अभियन्ता/अपर सहायक अभियन्ता (सिविल) को सहायक अभियन्ता (सिविल), वेतनमान ₹ 15,600–39,100 एवं सादृश्य ग्रेड पे ₹ 5,400 के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

डिप्लोमाधारी संवर्ग:–

क्र0 सं0	नाम	अभ्युक्ति
1	2	3
	सर्वश्री	
1.	हरीश चन्द	रिक्त पद के सापेक्ष
2.	नवीन रावत	रिक्त पद के सापेक्ष
3.	नवीन चन्द्र पांडे	रिक्त पद के सापेक्ष
4.	नागेश प्रसाद पपनै	रिक्त पद के सापेक्ष
5.	अनिल कुमार त्यागी	रिक्त पद के सापेक्ष
6.	बृजमोहन सिंह	रिक्त पद के सापेक्ष
7.	महेन्द्र सिंह बोरा	रिक्त पद के सापेक्ष
8.	असगर अली	रिक्त पद के सापेक्ष

1	2	3
	सर्वश्री	
9.	अविनाश कुमार सैनी	रिक्त पद के सापेक्ष
10.	मौ0 इमरान	रिक्त पद के सापेक्ष
11.	जातेश कुमार	रिक्त पद के सापेक्ष
12.	संजीव यादव	रिक्त पद के सापेक्ष
13.	संजीव कुमार	रिक्त पद के सापेक्ष
14.	शशि भूषण	रिक्त पद के सापेक्ष
15.	भूपेन्द्र सिंह असवाल	रिक्त पद के सापेक्ष
16.	बृजेश कुमार चौधरी	रिक्त पद के सापेक्ष
17.	कुन्दन वन	रिक्त पद के सापेक्ष
18.	दर्मियान सिंह असवाल	रिक्त पद के सापेक्ष
19.	राकेश कुमार यादव	रिक्त पद के सापेक्ष

2. उक्त पदोन्नत कार्मिकों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा अवधि पर रखा जायेगा।

3. उक्त पदोन्नत कार्मिकों को वर्तमान तैनाती स्थल पर ही कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा तथा इनके पदस्थापना आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे।

4. उक्त आदेश मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में योजित रिट याचिका संख्या 1782/एस0एस0/2012, अवनीश भटनागर व अन्य बनाम राज्य पारित होने वाले निर्णय के अधीन रहेंगे।

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
सचिव।

वित्त अनुभाग–9

अधिसूचना

30 जून, 2016 ई0

संख्या 160/2016/XXVII (9)/स्टॉम्प–55/2009–चूँकि, राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक एवं समीचीन है;

अतः, श्री राज्यपाल महोदय, भारतीय स्टॉम्प अधिनियम, 1899 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 2, वर्ष 1899) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, शासन की अधिसूचना संख्या–266/XXVII (9)/2013/स्टॉम्प–55/2009, दिनांक 02 जुलाई, 2013 में आंशिक संशोधन करते हुए आगामी 01 वर्ष अर्थात् दिनांक 01.04.2016 से 31.03.2017 की तारीख तक ₹ 5,00,000 (₹ पाँच लाख मात्र) तक के कृषि ऋण पर स्टॉम्प शुल्क प्रभार्य न किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

आज्ञा से,

श्रीधर बाबू अद्दांकी,
अपर सचिव।

सिंचाई अनुभाग–1

विज्ञप्ति / प्रोन्नति

23 जून, 2016 ई0

संख्या 833 / II–2016–01(90) / 2003–सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत संगणक से सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद पर चयन वर्ष 2015–16 के सापेक्ष नियमित चयन द्वारा प्रोन्नति के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के पत्रांक 54 / 57 / ई–1 / डी0 पी0 सी0 / 2015–16, दिनांक 17.05.2016 द्वारा की गई संस्तुति के क्रम में निम्नलिखित संगणकों को सहायक अभियन्ता (सिविल), वेतनमान ₹ 15,600–39,100 एवं सदृश्य ग्रेड पे ₹ 5,400, के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निम्नानुसार पदोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

1.	श्री मनमोहन भटनागर	रिक्त पद के सापेक्ष,
2.	श्री अनिल कुमार वर्मा	रिक्त पद के सापेक्ष,
3.	श्री विजेन्द्र कुमार	श्री विपिन चन्द्र जोशी, सहायक अभियन्ता की सेवानिवृत्ति दिनांक 30.06.2016 से उत्पन्न रिक्ति के सापेक्ष,
4.	श्री हरीश चन्द्र ध्यानी	श्री मनमोहन भटनागर की सेवानिवृत्ति दिनांक 30.06.2016 से उत्पन्न रिक्ति के सापेक्ष।

2. उक्त पदोन्नत कार्मिकों को वर्तमान तैनाती स्थल पर ही कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा तथा इनके पदस्थापना के आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे।

3. उक्त पदोन्नत कार्मिकों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष अथवा सेवानिवृत्ति की तिथि जो भी पहले हो, की अवधि के लिए परिवीक्षा अवधि पर रखा जायेगा।

आज्ञा से,

किशन नाथ,
अपर सचिव।

सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–1

प्रोन्नति / विज्ञप्ति

30 जून, 2016 ई0

संख्या 1246 / XXXI(1) / 2016 / पदो0–30 / 2015–उत्तराखण्ड सचिवालय सेवा संवर्ग के अन्तर्गत कार्यरत श्री चन्द्रशेखर उपाध्याय, समीक्षा अधिकारी को नियमित चयनोपरान्त अनुभाग अधिकारी, वेतनमान ₹ 15,600–39,100, ग्रेड वेतन ₹ 5,400 के रिक्त पद पर कार्यभार ग्रहण किये जाने की तिथि से अस्थाई रूप से पदोन्नत करने की श्री राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्त पदोन्नति के फलस्वरूप श्री उपाध्याय, अनुभाग अधिकारी को 01 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

3. उक्त प्रोन्नति रिट याचिका संख्या 1997 / 2013 (एस / एस), धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी व अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य, रिट याचिका संख्या 146 एस0बी0 / 2014, दिनेश कुमार व अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य, मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या 22122 / 2013, सुनील कुमार मिश्रा बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य, मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल में योजित रिट याचिका संख्या 270 (एस0बी0) / 2015,

शैलेष कुमार पन्त बनाम राज्य व अन्य, 271 (एस0बी0)/2015, संजीव कुमार शर्मा बनाम राज्य व अन्य, 272 (एस0बी0)/2015, रावेन्द्र कुमार चौहान बनाम राज्य व अन्य, 273 (एस0बी0)/2015, धर्मेन्द्र सिंह पयाल बनाम राज्य व अन्य एवं रिट याचिका संख्या 274 (एस0बी0)/2015, ललित मोहन आर्य बनाम राज्य व अन्य के अतिरिक्त मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उ0प्र0 में योजित स्पेशल अपील संख्या 31/2015 में पारित निर्णय दिनांक 08.05.2015 के विरूद्ध मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या 23254/2015, हरिशंकर तिवारी व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य एवं उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08.09.2015 के परिपेक्ष्य में मा0 उच्च न्यायालय की खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या 5828 (एस/एस)/2015, डा0 किशोर टण्डन व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य तथा विभिन्न मा0 न्यायालयों में योजित अन्य रिट याचिकाओं में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन की जा रही है।

4. अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नत श्री चन्द्रशेखर उपाध्याय, अनुभाग अधिकारी को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास अनुभाग में तैनात किया जाता है तथा निर्देशित किया जाता है कि वे नवीन तैनाती के विभाग/अनुभाग में तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुए सचिवालय प्रशासन (अधि0), अनुभाग–01 को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,

सुरेन्द्र सिंह रावत,
उप सचिव।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 30 हिन्दी गजट/339–भाग 1–2016 (कम्प्यूटर/रीजियो)।
मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकरण संख्या–यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 23 जुलाई, 2016 ई0 (श्रावण 01, 1938 शक सम्वत्)

भाग 1–क

नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया

HIGH COURT OF UTTARAKHAND, NAINITAL

NOTIFICATION

June 25, 2016

No. 167/UHC/XIV/2/Admin.A/2006--Sri Sikand Kumar Tyagi, District & Sessions Judge, Pithoragarh is hereby sanctioned medical leave for 10 days *w.e.f.* 04.06.2016 to 13.06.2016.

By Order of Hon'ble the Administrative Judge,

Sd/-

Registrar (Inspection).

NOTIFICATION

June 27th, 2016

No. 168/UHC/Admin.A/2016--In exercise of the powers conferred by Rule 27(I) of the Uttarakhand Higher Judicial Service Rules, 2004 and all other powers enabling in this behalf, Hon'ble the Court is pleased to grant the selection grade of ₹ 57,700-1,230-58,930-1,380-67,210-1,540-70,290 to Sri Malik Mazhar Sultan, 1st Additional District Judge, Hardwar w.e.f. 01.12.2015.

By Order of the Court,

Sd/-

KANTA PRASAD,

Registrar General.

CHARGE CERTIFICATE

June 22nd, 2016

No. 2950/Admin.(A)-UHC/2016--CERTIFIED that the Office of the Registrar, High Court of Uttarakhand, Nainital, was transferred *vide* Govt. Notification No. 1118/XXX-1-15-28(1)/16, dated 17.06.2016 of Joint Secretary, Department of Personnel-1, Government of Uttarakhand, Dehradun and subsequent letter no. 2902/XIII-F-1/Admin.A/2008, dated 18.06.2016 of Hon'ble High Court, as herein denoted in the afternoon of June 22nd, 2016.

BHARAT BHUSHAN PANDEY,
Relieving Officer.

Countersigned,

KANTA PRASAD,
Registrar General,
High Court of Uttarakhand.

OFFICE OF THE DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, PITHORAGARH

CERTIFICATE OF TAKING OVER CHARGE

June 22/23, 2016

No. 125/DLSA-14/2014--CERTIFIED that the office of the Secretary, District Legal Services Authority, Pithoragarh was taken over under the order of Hon'ble Uttarakhand State Legal Services Authority, Nainital *vide* notification no. 713/III-A-9/2009/SLSA/2016, dated June 21, 2016, as hereinafter denoted, in the forenoon of June 22, 2016.

Smt. PRATIBHA TIWARI,
Chief Judicial Magistrate/
Secretary,
District Legal Services Authority,
Pithoragarh.

Countersigned,

SIKAND KUMAR TYAGI,
District Judge/Chairperson,
District Legal Services Authority,
Pithoragarh.

OFFICE OF DISTRICT & SESSIONS JUDGE, CHAMPAWAT

TAKING OVER CHARGE CERTIFICATE

ON FIRST APPOINTMENT

June 28th, 2016

No. 554/I-14-2016--"CERTIFIED that, the charge of the office of Judicial Magistrate, Tanakpur, District Champawat has been taken over by me, as here is denoted, in the forenoon of this 28th of June, 2016 under the Notification No. 160/UHC/ Admin.A/2016, dated June 20, 2016 and further *'Corrigendum'* Notification No. 169/UHC/Admin.A/2016, dated June 28th, 2016 thereon of the Hon'ble High Court of Uttarakhand, Nainital."

RAJENDRA KUMAR,
Judicial, Magistrate,
Tanakpur.

Countersigned,

PREM SINGH KHIMAL,
District Judge,
Champawat.

कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), नई टिहरी

आदेश

24 मई, 2016 ई0

पत्रांक 158/लाइसेंस निलम्बन/2016–विभिन्न प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा वाहन दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं जनसुरक्षा के दृष्टिगत ओवरलोडिंग, शराब पीकर वाहन का संचालन आदि अभियोगों में संलिप्त निम्नवत् चालकों के लाइसेंसों के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की गयी है। लाइसेंसधारकों को उक्त सम्बन्ध में सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए तथा जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाइसेंसिंग अधिकारी के रूप में, मैं, ज्योति शंकर मिश्र (प्र0), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्र0), नई टिहरी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 19 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त लाइसेंसों को निलम्बित करता हूँ। उक्त अवधि में लाइसेंस निलम्बित अवस्था में कार्यालय में जमा रहेगा। उक्त अवधि के पश्चात् लाइसेंस अवमुक्त किया जायेगाः–

क्र0 सं0	लाइसेंसधारक का नाम	लाइसेंस संख्या/श्रेणी एवं वैधता	प्रवर्तन अधिकारी का पदनाम	चालान में लगाये गये अभियोग	लाइसेंस के विरूद्ध की गयी कार्यवाही
1.	श्री संजय सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, मकान नं0 15, रैडक्रॉस, पो0 चम्बा, टि0ग0	UK-0920160018429, मोटर साईकिल एवं हल्का मोटरयान, वैधता 07.04.2036	एआरटीओ (प्र0), टिहरी	शराब पीकर वाहन का संचालन	24.05.2016 से 23.09.2016 तक निलम्बित (04 माह)
2.	श्री सुरेश लाल पुत्र श्री जतनी, मकान सं0–50, ग्राम सौड़, थाना काणाताल, टि0ग0	UK-00919990011938, हल्का मोटरयान, हल्का परिवहन यान, वैधता 10.07.2017	पुलिस अधीक्षक, टिहरी गढ़वाल	शराब पीकर वाहन का संचालन	24.05.2016 से 23.09.2016 तक निलम्बित (04 माह)

ज्योति शंकर मिश्र,
सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्र0),
नई टिहरी।

कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, रूद्रप्रयाग

आदेश

24 जून, 2016 ई0

पत्रांक 327/प्रवर्तन/लाइसेंस/2016–श्री बिजेन्द्र सिंह पुत्र श्री केदार सिंह, ग्राम पूलन, पो0 खलियाण, जिला रूद्रप्रयाग, का दिनांक 22.04.2016 को पुलिस विभाग, चमोली द्वारा वाहन संख्या यू0के0 13टी0ए0–0390 (मैक्सी कैब) का शराब का सेवन कर व खतरनाक ढंग से वाहन संचालन करने के अभियोग में चालान किया गया। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक, चमोली द्वारा चालक के चालन अनुज्ञप्ति संख्या यू0के0 1320110000653, जो कि इस कार्यालय द्वारा क्रमशः MCWG(NT), LMV(NT), LMV(T) व पहाड़ी मार्गों हेतु जारी किया गया था। जिसकी वैधता क्रमशः 05.06.2031 (अव्यवसायिक) व 19.08.2016 (व्यवसायिक) तक है, के विरूद्ध निरस्तीकरण/निलम्बन की संस्तुति की गयी है। इस सम्बन्ध में कार्यालय द्वारा पत्रांक 299/डी0एल0/सा0प्रशा0/2016, दिनांक 10.06.2016 के माध्यम से श्री बिजेन्द्र सिंह पुत्र श्री केदार सिंह, ग्राम पूलन, पो0 खलियाण, जिला रूद्रप्रयाग को नोटिस प्रेषित किया गया था। जिसके क्रम में इनके द्वारा दिनांक 20.06.2016 को कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया। जो कि सन्तोषजनक नहीं पाया गया।

अतः, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने व जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाइसेंसिंग अधिकारी के रूप में, मैं, पंकज श्रीवास्तव, प्र0 सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, रूद्रप्रयाग, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 19 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आपके लाइसेन्स संख्या यू0के0 1320110000653 (वैधता उपरोक्त) को दिनांक 20.06.2016 से 19.09.2016 तक तत्काल प्रभाव से निलंबित करता हूँ।

पंकज श्रीवास्तव,
प्र0 सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रशासन, ऊधमसिंह नगर

कार्यालय आदेश

29 जून, 2016 ई0

पत्रांक 1115/टी0आर0/पंजी0नि0/UP01-1990/2016–वाहन संख्या UP01-1990, मॉडल 1994, चेसिस संख्या 379045HVQ821567 तथा इंजन नं0 497D21HVQ751322, कार्यालय में श्री सन्नी शर्मा पुत्र श्री किशन शर्मा, निवासी मलसा गिरधरपुर, किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी ने दिनांक 27.06.2016 को आवेदन–पत्र के साथ वाहन की मूल चेसिस नं0 प्लेट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि उनका वाहन मार्ग में संचालित करने योग्य नहीं है। वाहन का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुरोध किया है। वाहन फाइनेन्स से मुक्त है। वाहन का कर 30.06.2016 तक जमा है। वाहन का मार्ग परमिट सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, हल्द्वानी द्वारा समर्पण/निरस्त/जारी करने हेतु उनके कार्यालय की आख्या अंकित है। उक्त तथ्यों के आधार पर वाहन के पंजीयन चिन्ह के बने रहने का काई औचित्य नहीं रहता है।

अतः, मैं, नन्द किशोर, पंजीयन अधिकारी, मोटर वाहन विभाग, ऊधमसिंह नगर, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 55(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए वाहन संख्या UP01-1990 का पंजीयन चिन्ह एवं चेसिस संख्या 379045HVQ821567 तत्काल प्रभाव से निरस्त करता हूँ।

नन्द किशोर,
सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।

उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड

अधिसूचना

11 मई, 2016 ई0

संख्या 257/उ0खा0ग्रा0बो0/2016–उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड अधिनियम, 1960 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 10, वर्ष 1960) (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) की धारा 10 की उपधारा (3) के साथ पठित धारा 37 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग और इस विषय पर समस्त विद्यमान विनियमों और आदेशों का अधिक्रमण करते हुए राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से, उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (समूह "क" एवं "ख"), सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती और सेवा शर्तों को विनियमित करने की दृष्टि से एतद्द्वारा निम्नलिखित सेवा विनियमावली बनाता है:–

उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (समूह "क" एवं "ख") सेवा विनियमावली, 2016

भाग–एक–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) इस विनियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड समूह "क" एवं "ख" सेवा विनियमावली, 2016 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2. उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (समूह "क" एवं "ख") सेवा में समूह "क" एवं "ख" के पद समाविष्ट हैं।

परिभाषाएँ

3. जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस विनियमावली में:–

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" से मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अभिप्रेत है;

(ख) "अधिनियम" से उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अधिनियम, 1960) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 अभिप्रेत है;

(ग) "बोर्ड" से उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अभिप्रेत है;

(घ) "भारत का नागरिक" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो संविधान के भाग दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय;

(ङ) "संविधान" से भारत का संविधान अभिप्रत है;

(च) "सरकार" से उत्तराखण्ड की राज्य सरकार अभिप्रेत है;

(छ) "सेवा का सदस्य" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस विनियमावली या इस विनियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त विनियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ज) "सेवा" से उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (समूह "क" एवं "ख") सेवा अभिप्रेत है

(झ) "मौलिक नियुक्ति" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमानुसार चयन के पश्चात् की गई हो;

(ञ) "भर्ती का वर्ष" से किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग–दो–संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4. (1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी बोर्ड द्वारा राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) जब तक कि उपविनियम (1) के अधीन पैरा–4 में परिवर्तन करने के आदेश न दिए जाएं, सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या, उतनी होगी, जितनी परिशिष्ट में अंकित है:

परन्तु यह कि:–

(क) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या उसे आस्थगित रख सकता है, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार नहीं होगा;

या

(ख) बोर्ड राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकता है, जिन्हें वह उचित समझे।

भाग–तीन–भर्ती

भर्ती का स्रोत

5. सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती परिशिष्ट "क" के स्तम्भ–6 में सुसंगत पदों के सामने यथाविनिर्दिष्ट स्रोतों से की जायेगी।

आरक्षण

6. उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग–चार–अर्हताएं

राष्ट्रीयता

7. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी :–

(क) भारत का नागरिक हो ; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो; या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केनिया, युगांडा और यूनाईटेड रिपब्लिक ऑफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो,

परन्तु यह कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि श्रेणी (ग) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड से पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले:

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी :– ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता प्रमाण–पत्र आवश्यक हो किन्तु वह न तो जारी किया गया हो और न ही देने से इंकार किया गया हो, किसी परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

शैक्षिक अर्हताएं

8. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी के पास परिशिष्ट "क" के स्तम्भ–7 में प्रत्येक पद के सामने दर्शायी गयी अर्हताएं होनी चाहिएं।

अधिमानी अर्हताएं

9. अन्य बातों के सामान होने पर सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा जिसने :–

(एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो; या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो ।

आयु

10. सेवा में विभिन्न पदो पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने जिस वर्ष भर्ती की जानी हो उस वर्ष की पहली जनवरी को यदि पद पहली जनवरी से 30 जून की अवधि के दौरान विज्ञापित किएं जाएं, और पहली जुलाई को यदि पद पहली जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि के दौरान विज्ञापित किएं जाएं, 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 35 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो:

परन्तु यह कि उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसे अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाएं , अभ्यर्थियों के मामले में ,उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जितनी विनिर्दिष्ट की जाए।

चरित्र

11. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सेवा में सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान स्वयं करेगा।

टिप्पणीः– संघ सरकार या राज्य सरकार या संघ सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगें। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगें।

वैवाहिक प्रास्थिति

12. सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा, जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र नहीं होगी जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो :

परन्तु यह कि बोर्ड किसी व्यक्ति को इस विनियम के प्रवर्तन से छूट दे सकता हैं यदि उनका यह समाधान हो जाए कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण विद्यमान हैं।

शारीरिक स्वस्थता

13. किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो, जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने से पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड–दो, भाग तीन के अध्याय तीन में दिये गये मूल नियम 10 के अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर दें:

परन्तु यह कि पदोन्नति द्वारा भर्ती किए गए अभ्यर्थी से स्वस्थता प्रमाण–पत्र की अपेक्षा नहीं की जाएगी।

भाग–पांच – भर्ती की प्रकिया

रिक्तियों का अवधारण

14. नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान विभिन्न श्रेणी के पदों पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और विनियम 6 के अधीन उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा, नियुक्ति प्राधिकारी सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों को दो प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापित करायेगा।

सीधी भर्ती 15. (1) सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के प्रयोजन के लिए एक चयन समिति का गठन किया जायेगा, जिसमें निम्नलिखित होंगे:–

(क) मुख्य कार्यपालक अधिकारी –अध्यक्ष;

(ख) यदि नियुक्ति प्राधिकारी या उसका नाम निर्दिष्ट व्यक्ति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का नही है तो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का एक अधिकारी । यदि नियुक्ति प्राधिकारी या उसका नाम निर्दिष्ट व्यक्ति अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है, तो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के अधिकारी से भिन्न एक अधिकारी जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जाएगा –सदस्य;

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट दो अधिकारी जिनमें एक अल्पसंख्यक समुदाय का और दूसरा पिछड़े वर्ग का अधिकारी होगा –सदस्य;

(घ) अधिष्ठान का प्रभारी अधिकारी –सदस्य;

(ड.) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट एक तकनीकी अधिकारी –सदस्य;

(च) सरकार के कार्मिक विभाग का सचिव या उसका नाम निर्दिष्ट व्यक्ति जो उप सचिव से अनिम्न श्रेणी का हो –सदस्य;

(छ) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के राज्य कार्यालय का एक प्रतिनिधि –सदस्य।

(2) चयन समिति आवेदन पत्र की संवीक्षा करेगी और पात्र अभ्यर्थियों से एक प्रतियोगितात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने की अपेक्षा करेगी।

(3) लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। इस लिखित परीक्षा में सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान , एवं सामान्य अध्ययन के प्रश्नपत्र होंगें। अभ्यर्थियों को इस परीक्षा के प्रश्न पत्र की दो प्रतियां (एक कार्बन कापी) दी जाएगी, जिससे अभ्यर्थी एक प्रति अपने पास रख सके। अटकलबाजी रोकने के लिए ऋणात्मक अंक पद्धति अपनाई जाएगी। चयन प्रकिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु प्रश्न–पत्रों के उत्तर तथा अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समाचार पत्रों में विज्ञापित कराए जाएंगें और उन्हें सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जायेगा। चूंकि लिखित परीक्षा ली जाएगी अतएव किसी विशिष्ट पद के लिए अपेक्षित अर्हता से उच्चतर अर्हता रखने पर कोई अतिरिक्त अंक नही दिया जायेगा। तद्नुसार चयन हेतु अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा :–

(क) न्यूनतम अर्हकारी परीक्षा, (जैसे इण्टरमीडिएट) में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त कुल प्राप्तांकों के 30 प्रतिशत अंक;

(ख) लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के लिए 40 प्रतिशत अंक;

(ग) छटनीशुदा कर्मचारियों के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत अंक होंगे, जो प्रतिवर्ष की पूरी सेवा के लिये 5 अंक के आधार पर आंगणित किए जाएंगे। उदाहरार्थ यदि किसी छटनीशुदा कर्मचारी ने पूरे वर्ष की सेवा की है तो उसे 5 अंक प्राप्त होगें और यदि दो वर्ष की सेवा की हो तो उसे 10 अंक प्राप्त होगें;

(घ) खेल खूद के लिये अधिकतम 5 प्रतिशत तक अंक निम्न प्रकार से दिए जाएंगे :–

(एक) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पुरुष /महिला खिलाडी के लिए – 5 प्रतिशत

(दो) राष्ट्रीय स्तर के पुरुष /महिला खिलाडी के लिए – 4 प्रतिशत

(तीन) राज्य स्तर के पुरुष/महिला खिलाडी के लिए – 3 प्रतिशत

(चार) विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय स्तर के पुरुष /महिला खिलाडी के लिए – 2 प्रतिशत

(ड.) 10 प्रतिशत अंक साक्षात्कार के लिए होंगे,जिनका विभाजन निम्नवत् होगा :—

(एक) 4 प्रतिशत तक सामान्य ज्ञान के लिए।

(दो) 3 प्रतिशत तक व्यक्तित्व मूल्यांकन के लिए।

(तीन) 3 प्रतिशत तक अभिव्यक्ति की क्षमता के लिए।

(च) लिखित परीक्षा के बाद उपर्युक्त उल्लिखित खण्ड 1 से 4 तक में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्तांकों के लिए एक योग्यता सूची बनायी जाएगी। तत्पश्चात् योग्यता सूची के आधार पर प्रत्येक रिक्त पद के लिए 4 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा।

(छ) साक्षात्कार समिति के अध्यक्ष व सभी सदस्य उपरोक्तानुसार वर्गीकरण के आधार पर अंक देंगे। साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों में साक्षात्कार समिति के सदस्यों द्वारा पृथक रूप से दिए गए अंकों को जोड़कर उनकी संगणना की जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों को साक्षात्कार समिति को उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, जिससे साक्षात्कार समिति अभ्यर्थियों के बारे में पूर्वाधारणा न बना सके।

(ज) साक्षात्कार के उपरान्त परन्तु चयन का परिणाम घोषित होने से पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(4) यदि कोई अभ्यर्थी चयन प्रकिया उसके दस्तावेज तथा दिए गए अंकों का निरीक्षण करना चाहता है, तो निर्धारित शुल्क जमा करने के पश्चात् निरीक्षण कर सकता है। यदि कोई अभ्यर्थी दस्तावेजों की फोटो प्रति चाहता है, तो रू. 5.00 प्रति पृष्ठ शुल्क जमा करके उक्त फोटो प्रति प्राप्त कर सकता है।

(5) यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी बराबर अंक प्राप्त करते हैं, तो चयन समिति उनकी जन्मतिथि के आधार पर योग्यता सूची तैयार करेगी।

(6) प्रतीक्षा सूची में योग्यता कम के अनुसार नामों की कुल संख्या रिक्तियों की कुल संख्या का 25 प्रतिशत होगा। इस प्रकार चयनित अभ्यर्थियों की तैयार की गयी सूची , चयन समिति द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित की जाएगी।

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रकिया

16. पदोन्नति द्वारा भर्ती, ज्येष्ठता के आधार पर अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, विभागीय पदोन्नति समिति के माध्यम से की जायेगी जिसमें निम्नलिखित होंगे :—

(क) मुख्य कार्यपालक अधिकारी— अध्यक्ष;

(ख) अधिष्ठान का प्रभारी संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी— सदस्य;

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का एक अधिकारी— सदस्य;

(घ) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट एक तकनीकी अधिकारी - सदस्यः

परन्तु यह कि यदि चयन समिति में पिछड़े वर्ग का कोई सदस्य न हो तो पिछड़े वर्ग के एक अधिकारी को चयन समिति के अतिरिक्त सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(2.) नियुक्ति प्राधिकारी विनियमावली के अनुसार समय–समय पर यथा संशोधित उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर चयनोत्तर पात्रता सूची तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उससे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ जो उचित समझे जाएं, विभागीय पदोन्नति समिति के समक्ष रखेगा।

(3). विभागीय पदोन्नति समिति उसके समक्ष रखे गये अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामले पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो वह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) विभागीय पदोन्नति समिति चयन किए गए अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता के क्रम में जैसी उस संवर्ग में हो जिससे उनकी पदोन्नति की जानी है, एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

संयुक्त चयन सूची 17 यदि भर्ती के किसी वर्ष में सेवा में किसी श्रेणी के पदों के लिए नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जानी हो, तो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जायेगी, जिसमें अभ्यर्थियों के नाम सुसंगत सूचियों से बारी–बारी से ऐसी रीति से लेकर रखे जायेंगें कि विहित प्रतिशत बना रहे, सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

भाग–छः –नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति 18. (1) उप विनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों को उस क्रम से लेकर जिस क्रम में उनके नाम, यथास्थिति विनियम 15,16 या 17 के अधीन तैयार की गयी सूची में हो, नियुक्तियां करेगा।

(2) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किए जाएं, तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें जेष्ठता क्रम में व्यक्तियों के नामों को जैसा कि चयन में अवधारित किया गया हो या जैसा उस संवर्ग में हो, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है, का उल्लेख होगा। यदि नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों ही प्रकार से की जानी हो, तो विनियम 17 में निर्दिष्ट चक्रानुक्रम के अनुसार नाम रखे जाएंगे।

परीवीक्षा 19 (1.) किसी व्यक्ति को सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किए जाने पर कोई व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रखा जायेगा।पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति की परिवीक्षा अवधि एक वर्ष होगी।

(2.) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किए जाएंगे, अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकता है जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाएगा जब तक अवधि बढ़ायी जायः

परन्तु यह कि आपवादिक के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है, या संतोषजनक सेवा करने में अन्यथा विफल रहा है, तो उसे उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है, और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जो उप विनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाता है, या जिसकी सेवाएं समाप्त की जाती हैं, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी सेवा के संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप से की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

स्थायीकरण

20. किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि :–

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाए,

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाए, और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाए कि वह स्थायी किए जाने के लिए अन्यथा उपयुक्त है।

ज्येष्ठता

21. (1) एतद्पश्चात् यथाउपबन्धित के सिवाय, सेवा में पदों की किसी श्रेणी में नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता मौलिक नियुक्ति के दिनांक से और यदि दो या अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किए जाएं तो उस क्रम से जिसमें उनके नाम नियुक्ति के आदेश में रखे गए हों, अवधारित की जायेगी:

परन्तु यह कि यदि नियुक्ति के आदेश में कोई विशिष्ट पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाए, जिससे किसी व्यक्ति की मौलिक नियुक्ति की जानी हो, तो उस दिनांक को मौलिक नियुक्ति का दिनांक समझा जायेगा और अन्य मामलों में उसका तात्पर्य आदेश जारी किए जाने के दिनांक से होगा:

परन्तु यह और कि यदि किसी चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किए जाएं, तो ज्येष्ठता वही होगी जो विनियम 18 के उप विनियम (2) के अधीन जारी किए गए नियुक्ति के संयुक्त आदेश में उल्लिखित है।

(2) किसी एक चयन के परिणाम के आधार पर सीधे नियुक्त किए गए व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जैसी चयन समिति द्वारा अवधारित की जाय :

परन्तु यह कि सीधी भर्ती का कोई अभ्यर्थी अपनी ज्येष्ठता खो सकता है, यदि किसी रिक्त पद का प्रस्ताव किए जाने पर वह विधिमान्य कारणों के बिना कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहे। कारण की विधिमान्यता के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा।

(3) किसी एक चयन के परिणाम पर पदोन्नति द्वारा नियुक्त किए गए व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो उस संवर्ग में रही हो, जिससे उन्हें पदोन्नति किया गया था।

(4) जहॉ नियुक्ति पदोन्नति और सीधी भर्ती दोनों प्रकार से या एक से अधिक स्रोत से की जाए और स्रोतों का अपना कोटा विहित हो, वहां उनकी परस्पर ज्येष्ठता विनियम 17 के अनुसार तैयार की गयी संयुक्त सूची में , चकानक्रम से उनके नाम रखकर ऐसी रीति से अवधारित की जाएगी कि विहित प्रतिशत बना रहे, परन्तु–

(क) जहां किसी स्रोत से नियुक्तियां विहित कोटे से अधिक की जाए, वहां कोटे से अधिक नियुक्त किए गए व्यक्तियों को ज्येष्ठता के लिए उस या उन अनुवर्ती वर्ष या वर्षो में जिसमें कोटे के अनुसार रिक्तियां हो नीचे ले जाया जायेगा;

(ख) जहां किसी स्रोत से नियुक्तियां विहित कोटे से कम हों और ऐसी न भरी गयी रिक्तियों के प्रति नियुक्तियां अनुवर्ती वर्ष या वर्षो में की जाएं, वहां इस प्रकार नियुक्त किए गए व्यक्तियों को किसी पूर्ववर्ती वर्ष की ज्येष्ठता नहीं मिलेगी, किन्तु ऐसे वर्ष की ज्येष्ठता मिलेगी, जिस वर्ष उनकी नियुक्ति की जाए, तथापि उस वर्ष की संयुक्त सूची में जो इस विनियम के अधीन तैयार की जायेगी, उनके नाम सबसे ऊपर रखे जायेगें,जिसके बाद नियुक्त किये गये व्यक्तियों के नाम चकानुक्रम में रखे जाएंगे।

भाग सात –वेतन

वेतनमान 22 (1) सेवा के विभिन्न श्रेणियों के पदों पर मौलिक या स्थानापन्न रूप में या अस्थायी आधार पर नियुक्त व्यक्तियों को ऐसे वेतन एवं भत्ते देय होंगे, जैसा बोर्ड द्वारा सरकार के पूर्वअनुमोदन से समय–समय पर अवधारित किए जाएं।

(2) इस विनियमावली के प्रारम्भ के समय प्रवृत्त वेतनमान ऐसे होंगें जैसे परिशिष्ट "क" में विनिर्दिष्ट सुसंगत पदों के सामने दिये गये हैं।

परिवीक्षा अवधि में वेतन 23 परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, समयमान में उसकी प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जाएगी जब उसने एक वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, विभागीय परीक्षा यदि कोई हो, और प्रशिक्षण, जहां विहित हो, प्राप्त कर लिया हो और दो वर्ष की सेवा के पश्चात् द्वितीय वेतनवृद्धि तभी दी जाएगी, जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो, और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो:

परन्तु यह कि यदि समाधान प्रदान करने में असफलता रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाए, तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए नहीं की जाएगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दें।

पक्ष समर्थन 24. किसी पद या सेवा में लागू विनियमों के अधीन अपेक्षित संस्तुति से भिन्न किसी संस्तुति पर, चाहे लिखित हो या मौखिक ,विचार नहीं किया जाएगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन 25 ऐसे विषयों के सम्बन्ध में जो विनिर्दिष्ट रूप से इस विनियमावली के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्यकलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतः लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे।

सेवा शर्तों में शिथिलता 26. जहां नियुक्ति प्राधिकारी का समाधान हो जाए कि सेवा में नियुक्त व्यक्ति या व्यक्तियों की सेवा शर्तों को विनियमित करने वाले किसी विनियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामलों में अनुचित कठिनाई होती हो, वहां वह उस मामले में लागू विनियमों में किसी बात के होते हुए भी सरकार के पूर्वानुमोदन से आदेश द्वारा उस विनिमय की अपेक्षाओं से उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन, जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिये आवश्यक समझे, अभिमुक्ति या उसे शिथिल कर सकता है।

स्थानान्तरण 27 सेवा में प्रत्येक श्रेणी के पदधारक को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय–समय पर जारी किए गए सरकारी आदेशों के अनुसार स्थानान्तरित किया जा सकता है।

व्यावृत्ति 28 इस विनियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियासतों पर नहीं पडेगा, जिसका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और व्यक्तियों की अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था अपेक्षित हो।

परिशिष्ट "क"

(विनियम 4 का उपविनियम (4), विनियम 5 एवं 8 देखे

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनमान/ ग्रेड वेतन	तकनीकी/ गैरतकनीकी	स्वीकृत पद (स्थायी)	भर्ती का स्रोत	शैक्षिक अर्हताएं	नियुक्ति प्राधिकारी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी	रु. 15600–39100 रु. 6600/–	गैरतकनीकी	01	मौलिक रूप से नियुक्त उप मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (वेतनमान रु. 15600–39100) में से अनुपयुक्तों को छोडते हुए, जेष्ठता के आधार पर, पदोन्नति द्वारा, जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।	–	मुख्य कार्यपालक अधिकारी
2	उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी	रु. 15600–39100 रु. 5400/–	गैरतकनीकी	02	मौलिक रूप से नियुक्त जिला ग्रामोद्योग अधिकारियों (वेतनमान रु. 15600–39100) में से अनुपयुक्तों को छोडते हुए, जेष्ठता के आधार पर, पदोन्नति द्वारा, जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।	–	मुख्य कार्यपालक अधिकारी
3	जिला ग्रामोद्योग अधिकारी	रु. 15600–39100 रु. 5400/–	गैरतकनीकी	13	(क) पचास प्रतिशत सीधी भर्ती (ख) पचास प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त विकास अधिकारी, (9300–34800) ,प्रशासनिक अधिकारियों (द्वि.) (9300–34800)एवं लेखा निरीक्षक (9300–34800) वैयक्तिक सहायक (9300–34800) में से अनुपयुक्तों को छोडते हुए, जेष्ठता के आधार पर, पदोन्नति द्वारा, जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।	(क) स्नातक उपाधि (ख) खादी ग्रामोद्योग आयोग या प्रयोजित संस्थाओं से खादी ग्रामोद्योग का 10 मास का प्रशिक्षण	मुख्य कार्यपालक अधिकारी

1	2	3	4	5	6	7	8
4	सह निदेशक उद्योग (ऊन)	रु. 15600—39100 रु. 5400/—	तकनीकी	01	मौलिक रूप से नियुक्त डिजाईनर/ऑफीसर इंचार्ज लैब (9300—34800) में से अनुपयुक्तों को छोडते हुए, जेष्ठता के आधार पर, पदोन्नति द्वारा, जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।	—	मुख्य कार्यपालक अधिकारी
5	प्रशिक्षक	रू. 9300—34800 रु. 4200/—	तकनीकी	04	सीधी भर्ती	1.स्नातक उपाधि 2. खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग की प्रायोजित संस्थाओं से पर्यवेक्षण पाठयक्रम में प्रशिक्षित या राजकीय संस्थान से ट्रेड में डिग्री या डिप्लोमा।	मुख्य कार्यपालक अधिकारी
6	डिजाईनर/ऑफीसर इंचार्ज लैब	रु. 9300—34800 रु . 4200/—	तकनीकी	01	मौलिक रूप से क्षेत्रीय अधीक्षकों उद्योग (ऊन) (9300—34800) में से अनुपयुक्तों को छोडते हुए, जेष्ठता के आधार पर, पदोन्नति द्वारा, जिन्होंनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।		मुख्य कार्यपालक अधिकारी

मनीषा पंवार,
मुख्य कार्यपालक अधिकारी।

In pursuance of the Provisions of Clause (3) of "the Constitution of India" the Governor is please to order the publication of the following English translation of the notification **No. 257/II-05/2016**, dated May 11, 2016 for general information :

NOTIFICATION

May 11, 2016

No. 257/II-05/2016--In exercise of the powers conferred by Sub-section (3) of section 10 of the Uttar Pradesh Khadi and Village Industries Board Act, 1960 (Uttar Pradesh Act No. 10 of 1960) (as applicable to the State of Uttarakhand) read with section 37 and in suppression of all existing regulations and orders on the subject, with the prior sanction of the Government, the Uttarakhand Khadi and Village Industries Board make the following regulation, regulating, the recruitment and conditions of service of persons appointed to the Group "A" and "B" Service.

The Uttarakhand Khadi and Village Industries Board Group "A" and "B" Service Regulation , 2016

PART- I GENERAL

Short title and Commencement-

1. (1) These regulations may be called The Uttarakhand Khadi and Village Industries Board Group "A" and "B" Regulations 2016

(2) It shall come into force at once.

Status of the Service-

2. The Uttarakhand Khadi and Village Industries Board (Group "A" and "B") Service comprises Group "A" and Group "B" Posts.

Definitions-

3. In these regulations, unless there is anything repugnant in the subject or context:-

(a) **"Appointing Authority"**, means Chief Executive Officer, Uttarakhand Khadi and Village Industries Board.

(b) **'Act'** means "The Uttar Pradesh Khadi and Village Industries Act, 1960) Adaptation and Modification Order, 2002;

(c) **"Board"** means Uttarakhand Khadi and Village Industries Board.

(d) **"Citizen of India"** means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of the Constitution.

(e) **"Constitution"** means **'the Constitution of India';**

(f) **"Government"** means the State Government of Uttarakhand;

(g) **"Member of the Service"** means a person substantively appointed under these Regulations or rules or orders in force prior to the commencement of these regulations to a post in the cadre of the Service;

(h) **"Service"** means the Uttarakhand Khadi & Village Industries Board Group "A" and "B" Service

(i) **"Substantive appointment"** means an appointment, not being an adhoc appointment, on a post in the cadre of the Service and made after selection in accordance with the regulations,

(j) **"Year of recruitment"** means a period of twelve months commencing from the first day of July of a calendar year.

PART II-CADRE

Cadre of Service-

4 (1) The strength of the Service and each category of posts therein shall be such as may be determined by the Board with prior approval of the State government from time to time.

(2) The strength of the Service and each category of posts therein shall, until orders varying the same in para 4 are passed under sub regulation (1) be as mentioned in Appendix 'A':

Provided that-

(a) the Appointing Authority may leave unfilled or may hold in abeyance any vacant post, without thereby entitling any person to compensation; or

(b) the Board may, with the prior approval of the State Government, create such additional permanent or temporary posts as it considers proper.

PART III-RECRUITMENT

Source of Recruitment

5. Recruitment to various categories of posts in the Service shall be made from sources as specified against the relevant posts in column 6 of the **Appendix 'A'**

Reservation

6. Reservation for candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories to the State of Uttarakhand shall be in accordance with the orders of the Government in force at the time of recruitment.

PART IV- QUALIFICATIONS

Nationality

7. A candidate for direct recruitment to a post in the Service must be :-

(a) A citizen of India; or

(b) A Tibetan refugee who came over to India before Ist January 1962 with the intention of permanently settling in India ; or

(c) A person of Indian origin migrated from Pakistan, Burma, Ceylon or any of the East African Countries of Kenya, Uganda and the United Republic of Tanzania (formerly Tanganika and Zanzibar) with the intention of permanently settling in India;

Provided that a candidate belonging to category (b) or (c) above must be a person in whose favour a certificate of eligibility has been issued by the Government of Uttrakhand.

Provided further that a candidate belonging to category (b) will also be required to obtain a certificate of eligibility granted by the Inspector General of Police, Intelligence Branch, Uttarakhand.

Provided also that if a candidate belongs to category (c) above, no certificate of eligibility will be issued for a period of more than one year and the retention of such a candidate in the Service beyond a period of one year, shall be subject to his/her acquiring Indian Citizenship.

NOTE :- A candidate in whose case a certificate of eligibility in necessary but the same has neither been issued nor refused, may be admitted to an examination and he may also be provisionally appointed subject to the necessary certificate being obtained by him or issued in his favour.

Academic Qualifications

8. A candidate for direct recruitment to a post in the Service must posses the qualifications as specified against the relevant post in column 7 of the Appendix 'A'

Preferential Qualifications

9. A candidate who has :-

(i) served in the Territorial Army for a minimum period of two years; or

(ii) obtained a "B" certificate of National Cadet Corps;

shall, other things being equal, be given preference in the matter of direct recruitment.

Age

10. A candidate for direct recruitment to the various posts in the Service must have attained the minimum age of 21 years and must not have attained the age of more than 35 years on January 1st of the year in which recruitment is to be made , if the post are advertised during the period January 1st to June 30 and on July 1st , if the posts are advertised during the period from July 1st to December 31 :

Provided that the upper age limit in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes and such other categories to the State of Uttrakhand as may be notified by the government from time to time shall be higher by such number of years as may be specified.

Character

11. The character of a candidate for direct recruitment to a post in the Service must be such as to render him suitable in all respects for the Service . The Appointing Authority shall satisfy itself on this point.

Note:- Persons dismissed by the Union Government or a State Government or by a Local Authority or a Corporation or Body owned or controlled by the Union Government or a State Government shall be ineligible for appointment to any post in the Service. Persons convicted of an offence involving moral turpitude shall also be ineligible.

Marital Status

